# Hindi Sample Paper - 17

Number of Questions: Attempt any 40 questions, out of 50
Time : 45 Minutes

**Q. 1 से 5: निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक अंत में दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए I**

मेरे मकान के आगे चौराहे पर ढाबे के आगे फुटपाथ पर खाना खाने वाले लोग बैठते हैं – रिक्शेवाले, मजदूर, फेरीवाले, कबाड़ी वाले। आना-जाना लगा ही रहता है । लोग कहते हैं – “आपको बुरा नहीं लगता? लोग सड़क पर गंदगी फैला रहे हैं और आप इन्हें बरदाश्त कर रहे हैं? इनके कारण पूरे मोहल्ले की आबोहवा खराब हो रही है ।” मैं उनकी बातों को हल्के में ही लेता हूँ । मुझे पता है कि यहाँ जो लोग जुटते हैं वे गरीब लोग होते हैं ।अपने काम-धाम के बीच रोटी खाने चले आते हैं और खाकर चले जाते हैं । ये आमतौर पर बिहार से आए गरीब ईमानदार लोग हैं जो हमारे इस परिसर के स्थायी सदस्य हो गए हैं । ये उन अशिष्ट अमीरों से भिन्न हैं जो साधारण-सी बात पर भी हंगामा खड़ा कर देते हैं । लोगों के पास पैसा तो आ गया पर धनी होने का स्वर नहीं आया । अधजल गगरी छलकत जाए की तर्ज पर इनमें दिखावे की भावना उबल खाती है । असल में यह ढाबा हमें भी अपने माहौल से जोड़ता है । मैं लेखक हूँ तो क्या हुआ? गाँव के एक सामान्य घर से आया हुआ व्यक्ति हूँ । बचपन में गाँव-घरों की गरीबी देखी है और भोगी भी है । खेतों की मिट्टी में रमा हूँ, वह मुझमें रमी है । आज भी उस मिट्टी को झाड़झुड कर भले ही शहरी बनने की कोशिश करता हूँ, बन नहीं पाता । वह मिट्टी बाहर से चाहे न दिखाई दे, अपनी महक और रसमयता से वह मेरे भीतर बसी हुई है । इसीलिए मुझे मिट्टी से जुड़े ये तमाम लोग भाते हैं । इस दुनिया में कहा-सुनी होती है, हाथापाई भी हो जाती है लेकिन कोई किसी के प्रति गाँठ नहीं बाँधता । दुसरे-तीसरे ही दिन परस्पर हँसते-बतियाते और एक-दुसरे के दुःख-दर्द में शामिल होते दिखाई पड़ते हैं । ये सभी कभी-न-कभी एक-दूसरे से लड़ चुके हैं लेकिन कभी प्रतीत नहीं होती कि ये लड़ चुके हैं ।कल के गुस्से को अगले दिन धुल की तरह झाड़कर फेंक देते हैं।

**Question 1 :** “इस दुनिया में कहा-सुनी होती है” – ‘इस दुनिया’ का संकेत है :
A. गाँव से शहर आ बसे गरीब
B. शहर से गाँव आ बसे मजदूरों की दुनिया
C. लेखक को उकसाने वाला पड़ोस
D. अमीर किंतु अशिष्ट लोग

**Question 2 :** प्रस्तुत गद्यांश साहित्य की किस विधा के अंतर्गत आएगा?
A. कहानी
B. जीवनी
C. संस्मरण
D. रेखाचित्र

**Question 3 :** साधारण बात पर भी हंगामा कौन खड़ा कर देते हैं?
A. लेखक के परिचित लोग
B. अशिष्ट रेहड़ी-पटरी वाले
C. गाँव से आए गरीब मजदूर
D. अमीर किन्तु असभ्य लोग

**Question 4 :** लेखक लोगों की शिकायतों को हल्के में लेता है, क्योंकि :
A. शिकायत करना लोगों की आदत होती है
B. वह किसी बात को गंभीरता से नहीं लेता
C. लेखक उन्हें जानता-पहचानता है
D. जुटने वाले लोग गरीब और ईमानदार हैं

**Question 5 :** लोग लेखक से क्यों पूछते हैं कि क्या आपको बुरा नहीं लगता?
A. वे लोग आसपास गंदगी बिखेर देते हैं।
B. वे लेखक से रुष्ट रहते हैं।
C. उन्हें गरीबों से मेल-जोल पसंद नहीं।
D. वे गंदे लोग हैं।

**Q.6 से 10 : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक अंत में दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।**

विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल मे बालक में जो संस्कार पड़ जाते हैं जीवन-भर वही संस्कार अमिट रहते हैं। इसीलिए यही काल आधारशिला कहा गया है। यदि यह नींव दृढ बन जाती है तो जीवन सुदृढ़ और सुखी बन जाता है। यदि इस काल में बालक कष्ट सहन कर लेता है तो उसका स्वास्थ्य सुंदर बनता है। यदि मन लगाकर अध्ययन कर लेता है तो उसे ज्ञान मिलता है, उसका मानसिक विकास होता है। जिस वृक्ष को प्रारंभ से सुंदर सिंचन और खाद मिल जाती है, वह पुष्पित एवं पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियमन के साँचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है। सभ्य नागरिक के लिए जिन-जिन गुणों की आवश्यकता है उन गुणों के लिए विद्यार्थी काल ही तो सुन्दर पाठशाला है। यहाँ पर अपने साथियों के बीच रह कर वे सभी गुण आ जाने आवश्यक हैं, जिनकी कि विद्यार्थी को अपने जीवन में आवश्यकता होती है।

**Question 6 :** 'संसार को सौरभ' देने का अर्थ है
A. संसार में सुगंध फैलाना
B. संसार को बेहतर बनाना
C. संसार में पेड़ लगाना
D. संसार को सुगंधित द्रव्य देना

**Question 7 :** गद्यांश में आदर्श विद्यार्थी के किन गुणों की चर्चा की गई है?
A. नियमावली का पालन
B. ज्ञान प्राप्ति हेतु ध्यान की आवश्यकता की
C. नियमन
D. व्यायाम

**Question 8 :** गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि
A. विद्यार्थी जीवन में व्यक्ति अनेक गुणों को धारण कर लेता है।
B. विद्यार्थी जीवन के लिए सुंदर पाठशाला की आवश्यकता होती है।
C. कष्ट सहन करने से सेहत बनती है।
D. वृक्षों को सींचना पर्यावरण के लिए आवश्यक है।

**Question 9 :** गद्यांश में 'वृक्ष' किसे कहा गया है?
A. पेड़ को
B. विद्यार्थी को
C. जीवन को
D. समय को

**Question 10 :** मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी विद्यार्थी जीवन को क्यों माना जाता है?
A. पूरा जीवन विद्यार्थी जीवन पर चलता है।
B. जो संस्कार विद्यार्थी जीवन में पड़ जाते हैं वे संस्कार स्थायी हो जाते है
C. विद्यार्थी जीवन सुखी जीवन होता है।
D. विद्यार्थी जीवन में ज्ञान मिलता है।

**Q. 11 से 15 : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक अंत में दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए l**

लंबे सफर पर निकलते हुए घर मानो घेर लेता है और उससे लौटते हुए घर मानो खींच लेता है l फूल की तरह सुबह को घर खिलते हैं और संदूक की तरह रात में बंद हो जाते हैं l आराम है, तो घर में; बीमारी है, तो घर में l रोज़गार करते हैं, तो घर के लिए ; बाहर दौड़ते हैं, तो घर के लिए l आदमी की पहचान भी घर है l पति है, तो वह घरवाला है ; स्त्री है, तो वह घरवाली है l तबीयत खराब है, तो घर में ; नाराज़ हैं, तो घर के लोग l चर्चा चलती है , घर घर निंदा होती है, तो घर-घर पूछते हैं - तुम्हारा घर कहाँ है ? लोग कहते हैं-अब तो घर कर लो l निठल्ले हैं, तो घर बैठे हैं, काम-काजी हैं, तो घर भरने में लगे हैं l लोगों को घर-बार से फुरसत ही नहीं मिलती l फिर जितना बड़ा घर, उतनी बड़ी बातें l अपने घर की कौन कहेगा ? घर तो बँधता ही है, लेकिन घर से सब बंधे रहते हैं l घर की फूट बुरी होती है और घर फोड़ने की बात अच्छी नहीं होती, फिर भी घर फूंक कर तमाशा देखने वाले भी घर में ही रहते हैं l ऐसा है यह घर l मालूम नहीं, सबसे पहले घर किसने बनाया था और क्यों बनाया था ? धूप-सर्दी और हवा-पानी से बचने के लिए बनाया होगा l मैं तो समझता हूँ कि घर बनाने वाला पहला आदमी स्वर्ग और नरक दोनों देखकर इस दुनिया में आया होगा, मगर शायद ऐसा भी नहीं l घर बना, तो स्वर्ग भी बन गया और घर बिगड़ा, तो नरक भी बन गया l प्यार-दुलार, एकता और संगठन है, तो घर स्वर्ग है l वैर-अविचार, फूट और झगड़ा है, तो घर नरक है l

**Question 11 :** लेखक के अनुसार, सर्वप्रथम घर का निर्माण करने वाला व्यक्ति क्या देखकर दुनिया में आया होगा ?
A. स्वर्ग
B. गृह-क्लेश
C. नरक
D. 'a' और 'c' दोनों

**Question 12 :** घर के सदस्यों के मध्य आपसी बैर-भाव होने पर घर किसके समान हो जाता है ?
A. संदूक
B. निन्दा
C. फूल
D. नरक

**Question 13 :** आदमी की पहचान किससे है ?
A. पारिवारिक सदस्यों से
B. रोजगार से
C. घर से
D. लम्बे सफर से

**Question 14 :** घर जलाकर तमाशा देखने वाले कहाँ रहते हैं ?
A. पड़ोस में
B. नरक में
C. स्वर्ग में
D. घर में

**Question 15 :** घर के बिगड़ने पर क्या बनता है ?
A. रिश्ते
B. निंदनीय विषय
C. नरक
D. चर्चा का विषय

**Q. 16 से 20 : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक अंत में दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए l**

भारतीय संस्कृति के संबंध में कुछ लोगों का कहना है कि भारतीय संस्कृति पर रूढ़िवादिता हावी है - नवीनता के साथ परिवर्तनीयता का बिल्कुल अभाव है और इसी कारण इसका विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी के साथ सामंजस्य स्थापित नहीं हो सका है l पाश्चात्य विद्वानों ने इस तरह के विचारों को प्रचारित-प्रसारित किया है l उनका कहना है कि भारतीय संस्कृति का संबंध इस दुनिया से न होकर किसी और दुनिया से है, किन्तु उनके द्वारा प्रचारित की जा रही ये बातें बिल्कुल तथ्यहीन हैं, सत्यता से परे हैं l भारतीय संस्कृति द्वारा निर्धारित जीवन-पद्धति के दो पक्ष हैं-पुरुषार्थ और आत्मसातीकरण l पहले पक्ष के अनुसार, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष मनुष्य जीवन के चार आधारभूत तत्व हैं l इनमें से किसी एक की भी कमी रह जाने से मानव जीवन निष्फल हो जाता है - ऐसी मान्यता है भारतीय संस्कृति एंव दर्शन की l पाश्चात्य विचारकों ने 'मोक्ष' एवं 'काम' को प्रमुखता प्रदान कर 'कर्म' को गौण कर दिया और इसी कारण से उन्हें भारतीय संस्कृति तथा विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी में सामंजस्यता नहीं दिखी l विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी का भारत में सुदीर्घ इतिहास है और इसे सैंधव काल से ही प्रामाणिक रूप में देखा जा सकता है l अंग्रेजों के दो सौ वर्षों के शासनकाल में इस क्षेत्र में थोड़ी-सी शिथिलता जरुर आई थी, किन्तु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हमने इस क्षेत्र में तीव्र गति से प्रगति की है और यह प्रगति तब स्वत: सिद्ध हो जाती है, जब विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी के कुछ क्षेत्रों में भारत से अनेक देशों द्वारा सहायता की मांग की जाती है l समाज एंव संस्कृति के क्षेत्र में भारत ने विकास किया है l हाँ, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि हमारे समाज में रूढ़िवादिता एंव नकल की प्रवृत्ति-सदृश कुछ बुराइयाँ भी विद्यमान हैं l यदि इन बुराइयों को दूर करने में सफलता प्राप्त हो सकी, तो हम विकास के पथ पर सतत अग्रसर हो सकेंगे-ऐसी आशा की जा सकती है l

**Question 16 :** भारतीय संस्कृति में निहित अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष किस जीवन पद्धति के मूल तत्व हैं ?
A. आत्मसातीकरण
B. पुरुषार्थ
C. आध्यात्मिकता
D. भौतिकता

**Question 17 :** पाश्चात्य विचारकों ने भारतीय संस्कृति में निहित किस तत्व को गौण रूप प्रदान किया है ?
A. काम
B. अर्थ
C. मोक्ष
D. कर्म

**Question 18 :** भारतीय संस्कृति में जीवन-पद्धति से सम्बन्धित कितने पक्ष निर्धारित किए गए हैं ?
A. तीन
B. पांच
C. दो
D. चार

**Question 19 :** किस समय में विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्रगति क्षीण हो गई थी ?
A. अंग्रेजी शासनकाल में
B. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद
C. मुगलकाल में
D. भक्तिकाल में

**Question 20 :** किन विद्वानों द्वारा भारतीय संस्कृति पर विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी के साथ सामंजस्य न कर पाने का प्रचार-प्रसार किया गया ?
A. रुसी विद्वान
B. पाश्चात्य विद्वान
C. फ़्रांसिसी विद्वान
D. भारतीय विद्वान

**Q. 21 से 25 : नीचे दिए पद्यांश को पढकर अंत में दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :**

पुजारी! भजन, पूजन, साधना, आराधना
इन सबकों किनारे रख दें ।
द्वार बंद करके देवालय के कोने में क्यों बैठा है ?
अपने मन के अंधकार में छिपा तू कौन-सी पूजा में मग्न है ?
आँख खोलकर जरा देख तो सही
तेरा देवता देवालय में नहीं है ।
जहाँ मजदूर पत्थर तोडकर रास्ता तैयार कर रहे हैं,
तेरा देवता वहीं चला गया हैं ।
तेरा देवता वहीं चला गया हैं ।
ये धूप, बरसात में एक समान तपते-झुलसते हैं ।
उनके दोनों हाथ मिट्टी से सने हैं ।
उनकी तरह सुंदर परिधान त्याग कर मिट्टी भरे रास्तों से जा
तेरा देवता देवालय में नहीं ।

**Question 21 :** उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक बताइए :
A. देवालय
B. देवता
C. मजदूर
D. पुजारी, भजन, पूजन, साधना

**Question 22 :** दोनों हाथ मिट्टी में किसके सने है ?
A. लेखक के
B. पुजारी के
C. मजदूर के
D. तीनों सही

**Question 23 :** देवालय के सही संधि विच्छेद को चुनिए :
A. देव + आलय
B. देवा + आलय
C. देवा + लय
D. देव + अलय

**Question 24 :** पुजारी कहाँ बैठा है ?
A. मन में
B. देवालय के कोने में
C. मजदूरों के पास
D. देवता के पास

**Question 25 :** तेरा देवता वहीं चलता गया हैं देवता कहाँ चला गया हैं ?
A. मन्दिर में
B. पुजारी के पास
C. पत्थर तोड़ते मजदूरों के पास
D. उनमें से कोई नहीं

**Q. 26 से 30 : निम्नलिखित गद्यांश के रिक्त स्थानों की पूर्ति गद्यांश के नीचे दिए गए प्रश्नों के अनुसार कीजिए -**

मनुष्य शारीरिक कष्ट से ही पीछे हटने वाला (1) ________ नहीं है l मानसिक क्लेश की संभावना से भी बहुत से कर्मों की ओर प्रवृत्त होने का (2) _______ उसे नहीं होती l जिन बातों से समाज के बीच उपहास, निंदा, (3) _______ इत्यादि का भय रहता है, उन्हें अच्छी और कल्याणकारीणी समझते हुए भी बहुत से लोग उनसे दूर रहते हैं l (4) _______ हानि देखते हुए भी कुछ प्रथाओं का अनुसरण बड़े-बड़े समझदार तक इसलिए करते चलते हैं कि उनके त्याग से वे बुरे कहे जाएँगे; लोगों में उनका वैसा आदर-सम्मान न रह जाएगा l उसके लिए मान-ग्लानी का कष्ट सब शारीरिक (5) _______ से बढकर होता है l

**Question 26 :** गद्यांश के रिक्त स्थान (1) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
A. जलचर
B. जानवर
C. प्राणी
D. नभचर

**Question 27 :** गद्यांश के रिक्त स्थान (2) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
A. हिम्मत
B. साहस
C. दुस्साहस
D. प्रयास

**Question 28 :** गद्यांश के रिक्त स्थान (3) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
A. स्तुति
B. अपमान
C. सम्मान
D. यश

**Question 29 :** गद्यांश के रिक्त स्थान (4) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
A. परोक्ष
B. भीषण
C. भयंकर
D. प्रत्यक्ष

**Question 30 :** गद्यांश के रिक्त स्थान (5) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
A. अंगों
B. अपराधों
C. सुखों
D. क्लेशों

**Q. 31 से 35 : निम्नलिखित गद्यांश के रिक्त स्थानों की पूर्ति गद्यांश के नीचे दिए गए प्रश्नों के अनुसार कीजिए -**

(1) ________ को सबल बनाने के लिए हमें नियमित (2) ________ करना चाहिए l सुंदर (3) _________ के लिए हमें खेलना, दौड़ना, चलना, कूदना और (4) ________ चाहिए l अतएव हम सभी को विद्यालयों में होने वाले (5) ________ मैं भाग लेना चाहिए l

**Question 31 :** गद्यांश के रिक्त स्थान (1) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
A. हृदय
B. शरीर
C. परिवार
D. काम

**Question 32 :** गद्यांश के रिक्त स्थान (2) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
A. व्यायाम
B. भाषण करना
C. खाना
D. शोना

**Question 33 :** गद्यांश के रिक्त स्थान (3) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
A. वेश-भूषा
B. कार्य
C. व्यवहार
D. स्वास्थ्य

**Question 34 :** गद्यांश के रिक्त स्थान (4) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
A. टहलना
B. पढना
C. गीत गाना
D. रोना

**Question 35 :** गद्यांश के रिक्त स्थान (5) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
A. खेलों
B. मजाक
C. कसरत
D. बातचीत में

**Question 36 :** दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें l यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें l

**मैं गाने का <u>कसरत कर रहा हूँ</u> l**

A. अभ्यास कर रहा हूँ l

B. किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है l

C. समर्पण कर रहा हूँ

D. व्यायाम कर रहा हूँ

**Question 37 :** 'काँटों पर लोटना' इस मुहावरे का उचित अर्थ किस विकल्प में है ?

A. संकट में डालना

B. बाधा दूर होना

C. बेचैन होना

D. अडचने पैदा करना

**Question 38 :** 'ठीक परिणाम देने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा-

A. सुखांत

B. सुखदायी

C. फलदायी

D. फलक

**Question 39 :** निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द को पहचानिए -

A. कारीगर

B. बिकारी

C. ओषधी

D. सच्च

**Question 40 :** दिए गए शब्द के विलोम शब्द का चयन करें -

**स्वल्पायु**

A. अवस्था

B. चिरायु

C. दीर्ध

D. अल्पायु

**Question 41 :** जिसके दस आनन है- वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए l

A. कवि दिनकर

B. राम

C. दशानन

D. कबीर

**Question 42 :** दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें l यदि प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें l

**असली भैस का दूध बहुत मीठा होता है l**

A. भैंस का असली दूध

B. गाय का दूध

C. भैंस का दूध

D. किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है l

**Question 43 :** 'दोपहर के बाद का समय' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-

A. अपराह्न्

B. मध्याह्न

C. गोधुलि

D. पूर्वाह्न

**Question 44 :** रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें l

**परिवर्तन ________ का नियम है l**

A. पृथ्वी

B. संस्कृति

C. जगत

D. प्रकृति

**Question 45 :** 'जो न जाना गया हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-

A. अज्ञात

B. ज्ञात

C. अनजान

D. अतिथि

**Question 46 :** दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन कीजिए l

**तुरंगी**

A. अस्तबल

B. घुड़सवार

C. घुडसाल

D. घुड़सार

**Question 47 :** रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें l

**पेड़ पर चिड़िया _______ है l**

A. चहचहाती

B. हिनहिनाती

C. कडकती

D. टिटकारती

**Question 48 :** कौन सा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है ?
A. अंगीकार-स्वीकार
B. अधम-उत्तम
C. अकाम-सकाम
D. अवनत-उन्नत

**Question 49 :** वाक्यांश के लिए कौन-सा शब्द अशुद्ध है ?
A. क्षण में या शीघ्र टूटने वाला-खण्डहर
B. जिसकी आशा न की गई हो - अप्रत्याशित
C. जिसे जाना न जा सके - अज्ञेय
D. दोपहर के पहले का समय - पूर्वाह्न

**Question 50 :** लक्ष्य का अनेकार्थक शब्द है l
A. निशाना, उद्देश्य
B. नाम, बल
C. गति, चाल
D. सही, गलत

Answer Key : CUET Practice Set (Hindi Language

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (c) | 3. (d) | 4. (d) | 5. (a) | 6. (b) | 7. (a) | 8. (a) | 9. (b) | 10. (b) |
| 11. (a) | 12. (d) | 13. (a) | 14. (a) | 15. (c) | 16. (a) | 17. (b) | 18. (b) | 19. (a) | 20. (b) |
| 21. (c) | 22. (c) | 23. (a) | 24. (b) | 25. (c) | 26. (c) | 27. (b) | 28. (b) | 29. (d) | 30. (d) |
| 31. (b) | 32. (a) | 33. (d) | 34. (a) | 35. (a) | 36. (a) | 37. (c) | 38. (c) | 39. (a) | 40. (b) |
| 41. (c) | 42. (a) | 43. (a) | 44. (d) | 45. (a) | 46. (a) | 47. (a) | 48. (a) | 49. (a) | 50. (a) |